The Institution of Engineers (India)
UTTAR PRADESH STATE CENTRE
ENGINEERS' BHAWAN, RIVER BANK COLONY, LUCKNOW-226018
दि इन्स्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इण्डिया)
उत्तर प्रदेश स्टेट सेन्टर, इंजीनियर्स भवन, रिवर बैंक कालोनी, लखनऊ-226018
Telephone: +91 0522-3512499 | E-mail: upsc@ieindia.org | Website: www.ieiup.org.in
(Established 1920, Incorporated by Royal Charter 1935)
"A Century of Service to the Nation"

Ref. No. : UPSC/IEI/ Press Release

Dated : 28/11/2024

Press release

An Indian will reach the moon by the year 2040

Institution of Engineers (India) Uttar Pradesh Centre, Lucknow: A One-Day Seminar on "Achievements of ISRO in Space Sector" was organized on 28 November 2024 at Engineers Bhawan, River Bank Colony, Lucknow. On this occasion, the Chief Guest of the program was Former Senior of ISRO scientist Shri A. K. Sinha came from Pune. He informed that India is running the major Gaganyaan mission with astronauts. Honorable Prime Minister has set a target of making a space station by 2035 and sending an Indian to the Moon by the year 2040. He explained in detail the historical development of space technology in India from 1961 to the last six decades. Also paid tribute to visionary Dr. Vikram Sarabhai, the father of space in India. Various centers of ISRO in the nation are engaged in fulfilling its objectives like Earth Observation, Navigation and Communication, rockets for Internet, launch vehicles SLV, PSLV, GSLV, LVM III, satellites IRS, INSAT, G-SAT etc. Other global space organizations such as NASA, CNSA, ESA and JAXA are already present in the region. ISRO is a sign of success towards national prosperity and security.

ISRO has already achieved its main space missions such as Chandrayaan I, II, III, Astrosat, Surya - Aditya, Mangal I. The Venus and Mars II missions are also towards completing.

At the beginning of the program, former president of the institution, Prof. (Dr.) Bharat Raj Singh welcomed the guests. On this occasion, elected National President of IEI, Shri V.B. Singh also expressed his views on the subject matter. At the end of the program, Honorary Secretary Shri V.P. Singh expressed his gratitude. A large number of people participated in the program.

(V.P. Singh)
Honorary Secretary

The Institution of Engineers (India)
UTTAR PRADESH STATE CENTRE
ENGINEERS' BHAWAN, RIVER BANK COLONY, LUCKNOW-226018
दि इन्स्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इण्डिया)
उत्तर प्रदेश स्टेट सेन्टर, इंजीनियर्स भवन, रिवर बैंक कालोनी, लखनऊ-226018
Telephone: +91 0522-3512499 | E-mail: upsc@ieindia.org | Website: www.ieiup.org.in
(Established 1920, Incorporated by Royal Charter 1935)

"A Century of Service to the Nation"

Ref. No. : UPSC/IEI/Press Release

Dated : 28/11/2024

प्रेस विज्ञप्ति

वर्ष 2040 तक भारतीय मानव चंद्रमा पर पहुंच जाएगा

इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) उत्तर प्रदेश सेंटर, लखनऊ द्वारा 28 नवम्बर 2024 को रिवर बैंक कॉलोनी स्थित इंजीनियर्स भवन, में "अंतरिक्ष क्षेत्र में इसरो की उपलब्धियाँ" विषय पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुणे से आए इसरो के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री ए. के. सिन्हा थे। उन्होंने बताया कि भारत अंतरिक्ष यात्रियों के साथ प्रमुख गगनयान मिशन चला रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और वर्ष 2040 तक चंद्रमा पर एक भारतीय को पहुंचाने व झंडा फ़हराने का लक्ष्य रखा हैं। भारत में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के ऐतिहासिक विकास को 1961 से लेकर पिछले 6 दशकों के दौरान उन्होंने विस्तार से बताया। साथ ही भारत में अंतरिक्ष के जनक, दूरदर्शी डा. विक्रम साराभाई को श्रद्धांजलि भी दी। राष्ट्र में इसरो के विभिन्न केन्द्र अपने उद्देश्यों जैसे कि पृथ्वी अवलोकन, नेविगेशन और संचार, इंटरनेट के लिए रॉकेट, प्रक्षेपण वाहन एसएलवी, पीएसएलवी, जीएसएलवी, एलवीएम III, उपग्रह आईआरएस, इन्सैट, जी-सैट आदि की पूर्ति में लगे हुए हैं। अन्य वैश्विक अंतरिक्ष संगठन जैसे कि नासा, सीएनएसए, ईएसए और जेएक्सए भी इस क्षेत्र में पहले से मौजूद हैं। इसरो राष्ट्रीय समृद्धि और सुरक्षा की दिशा में सफलता की निशानी है। इसरो ने अपने मुख्य अंतरिक्ष मिशन जैसे कि चंद्रयान I, II, III, एस्ट्रोसैट, सूर्य - आदित्य, मंगल I पहले ही हासिल कर लिए हैं। शुक्र और मंगल II मिशन शीघ्र पूर्णता की ओर हैं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के पूर्व अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) भरत राज सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वी0 बी0 सिंह ने भी विषय वस्तु पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में मानद सचिव श्री वी0 पी0 सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

(वी0 पी0 सिंह)
मानद सचिव